an>

Title: Need to develop the Bhaluni Bhawani Temple in Rohtas District of Bihar as a pilgrim place and provide adequate facilities for pilgrims visiting the site.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के रोहतास जिला के दिनारा विधान सभा अंतर्गत प्राचीन माँ भलूनी- भवानी मंदिर जो याक्षिणी देवी के रूप में प्रसिद्ध है, वहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पूजा अर्चना हेतु आते हैं। विशेषकर नवरात्रों में प्रतिवर्ष दुर्गा पूजा, छठ आदि महत्वपूर्ण अवसरों पर लाखों तीर्थ यात्री श्रद्धापूर्वक माँ की अराधना करने आते हैं। मंदिर के बगल में तालाब के घाटों के चारों तरफ पक्कीकरण एवं सौन्दर्यकरण, तीर्थयात्री विश्रामगृह, विवाह मंडप में जल एवं शौचालय, बिजली आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

साथ ही राष्ट्रीय राजपथ संख्या 30 से में मंदिर तक चौड़ी सड़कों का भी निर्माण करवाया जाए और इसे देश के तीर्थाटन केंद्र के मानचित्र में दर्ज करते हुए विकसित किया जाए जिससे देश के अन्य राज्यों से भी आने वाले लोगों को यहाँ पूजा अर्चना हेतु सुविधा प्राप्त हो सके, जिससे लाखों लोगों को रोज़गार भी मिल सकेगा।